Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ पोकरण कार्यालय बाल विकास परियोजना साकड़ा मुख्यालय पोकरण के सहायक प्रशासनिक अधिकारी 5,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 10जून, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **भवानीसिंह हाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्या० बाल विकास परियोजना अधिकारी साकडा मु० पोकर**ण को **5,000/– रूपये** रिश्वत लेते हुए को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि एसीबी जैसलमेर इकाई को एक शिकायत इस आश्य की मिली की परिवादी की माताजी जो आंगनबाड़ी केन्द्र रामपुरा में पदस्थापित है सीडीपीओ साकड़ा मुख्यालय पोकरण द्वारा दिनांक 03.06.2026 को आंगनबाडी सेवा केन्द्र रामपुरा चौक के औचक निरीक्षण के दौरान परिवादी की माताजी आगनबाडी केन्द्र रामपुरा पर उपस्थित नही मिलने से परिवादी की माताजी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिस पर परिवादी नव नोटिस का जवाब देने के लिये उक्त कार्यालय में उपस्थित होने पर भवानीसिह सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा उक्त नोटिस का जवाब तैयार करवाकर, नोटिस का जवाब बाल विकास अधिकारी के समक्ष पेश कर नोटिस फाईल करवाने की एवज में सीडीपीओ कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी भवानीसिंह द्वारा परिवादी से 5,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** भ्रनिब्यूरो जोधपुर के सुपरविजन में एसीबी चौकी जैसलमेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरपतचन्द** के द्वारा आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भवानीसिह सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए रिश्वत राशि 5,000/– रूपये लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा।